प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 06 मई, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री शंभू गवारे, राज्य समन्वयक, हिन्दू जनजागृति समिति के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने लोक भवन, राँची में भेंट की तथा विभिन्न समसामयिक एवं जनहित से जुड़े विषयों पर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट करते हुए ज्ञापन समर्पित किया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से निजी बस संचालन में ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म्स द्वारा कथित रूप से अत्यधिक किराया वसूली, डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से उत्पन्न उपभोक्ता हितों की चुनौतियाँ तथा इस संबंध में एक समग्र राष्ट्रीय नीति के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने विद्यार्थियों में बढ़ते 'डिजिटल व्यसन' की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए 'स्क्रीन टाइम' के विनियमन तथा डिजिटल उपयोग संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए जाने की आवश्यकता भी रेखांकित की।

शिष्टमंडल ने इस अवसर पर महाराष्ट्र के नासिक शहर की एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी में सामने आए प्रकरण का उल्लेख करते हुए कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से जुड़े विषयों पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा इस प्रकार के मामलों में प्रभावी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, झारखण्ड प्रांत के अध्यक्ष श्री चंद्रकांत रायपत, पुरातात्विक विशेषज्ञ एवं समाजसेवी श्री एस०डी० सिंह तथा श्रीमती पूजा चौहान, रांची प्रमुख, हिंदू जनजागृति समिति भी उपस्थित थीं।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी हुई।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज कांके स्थित फुटबॉल मैदान, गोशाला न्यास, सुकुरहुट्टू, रांची में श्री शिवाला सेवा समिति, राँची द्वारा आयोजित प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धापूर्वक कथा का अनुश्रवण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।